**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 13.10.2023 को वाराणसी मण्डल, वाराणसी में आयोजित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति संलग्न है।**

2- सर्वप्रथम आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी, वाराणसी, विशेष सचिव, नियोजन तथा मण्डलीय उच्चाधिकारियों द्वारा बोर्ड के उपस्थित मा0 सदस्यगण का स्वागत किया गया।

3- आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी द्वारा बैठक में उपस्थित श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, मा0 सद्स्यगण, विशेष सचिव, नियोजन तथा मण्डलीय अधिकारियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि वाराणसी मण्डल में 04 जनपद यथा- वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर व जौनपुर आते हैं। मण्डल में सभी सेक्टरों में विविध विकास कार्य किये जा रहे हैं जिनमें महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति निम्नवत हैः-

- बाबतपुर हवाई अड्डा का अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में परिवर्तन।
- पर्यटकों हेतु स्वामी विवेकानन्द, मानेकसा, गंगाविलास एवं भागीरथी क्रूज बोट का संचालन।
- कार्गो मूवमेंट द्वारा माल की ढुलाई प्रारम्भ।
- सड़क मार्ग के अन्तर्गत रिंग रोड फेज-1 व 2, पैकेज-1, एन0एच0 56 का वाराणसी बाबतपुर भाग एवं एन0एच0 29 का वाराणसी गाजीपुर भाग का फोर लेन चौड़ीकरण, शहर के अन्दर लहरतारा- चौकाघाट फ्लाईओवर, महमूरगंज- मण्डुवाडीह फ्लाईओवर, आशापुर रेल उपरिगामी सेतु, गंगा नदी पर सामने घाट सेतु, वाराणसी में इमिलिया घाट पर वरुणा नदी सेतु, भिखारीपुर से एन0एच0 19 तक शहरी सड़क मार्ग का फोर लेन चौड़ीकरण का कार्य सम्पन्न हुआ है इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अन्तः एवं अन्तर्जनपदीय स्थलों से कनेक्टीविटी बेहतर हुयी है। इसके साथ ही वर्तमान में 02 नेशनल हाईवे, रिंग रोड फेज-2 पैकेज-2 एवं शहर के अन्दर के मार्गो का फोर लेन व छः लेन चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है।
- रेलवे द्वारा यातायात व्यवस्था सुधार के अन्तर्गत वाराणसी इलाहाबाद रेल खण्ड का विद्युतीकरण, विभिन्न रेल खण्डों का दोहरीकरण आदि कार्यो का सम्पादन।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के अन्तर्गत होमी भाभा कैंसर हास्पिटल एवं पं0 महामना कैंसर हास्पिटल, ई0एस0आई0सी0 चिकित्सालय एवं बी0एच0यू0 में सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का निर्माण, कबीर चौरा हास्पिटल में 100 बेड का मैटर्निटी विंग, श्री लालबहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय पाण्डेयपुर का उच्चीकरण तथा 50 बेड महिला चिकित्सालय का निर्माण।

- शिक्षा के अन्तर्गत बी0एच0यू0 में वैदिक विज्ञान केन्द्र एवं भारत अध्ययन केन्द्र की स्थापना, बी0एच0यू0 में छात्रावास आदि का निर्माण तथा मण्डल के प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प एवं स्मार्ट कक्षाओं का संचालन।
- किसानों को लाभ प्रदान करने हेतु फलों एवं सब्जियों के निर्यात के लिए पेरिशेबल कार्गो सेन्टर का निर्माण, श्री लाल बहादुर शास्त्री फल एवं सब्जी मण्डी पहड़िया का आधुनिकीकरण तथा करखियांव में पैकहाउस का निर्माण।
- शहंशाहपुर गौ आश्रय स्थल में बायो सी0एन0जी0 प्लाण्ट तथा रामनगर मिल्क प्लाण्ट में बायोगैस आधारित बिजली उत्पादन संयत्र का निर्माण।
- कल्लीपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र का निर्माण एवं चांदपुर जंसा एवं बाराडीह में बहुद्देशीय किसान कल्याण केन्द्र।
- रोजगार को बढ़ावा देने हेतु ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर बड़ा लालपुर का निर्माण एवं चांदपुर महेशपुर औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य।
- पर्यटन क्षेत्र के अन्तर्गत श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का विस्तारीकरण एवं अन्य क्षेत्र का निर्माण, गंगा गोमती संगम घाट का नवनिर्माण, रामेश्वर महादेव मंदिर, मारकण्डेय महादेव मंदिर आदि का विकास एवं सौंदर्यीकरण, सारनाथ में बुद्धाथीम पार्क का निर्माण, गंगा नदी में क्रूज बोट एवं रो-रो वेसल्स का संचालन, संत रविदास जी की जन्मस्थली सीरगोवर्धन के पर्यटन विकास का कार्य आदि।
- नगर विकास के अन्तर्गत वाराणसी सर्किट हाउस में अण्डर ग्राउण्ड पार्किंग, गोदौलिया बहुमंजिला पार्किंग, टाउनहाल एवं बेनियाबाग पार्किंग का निर्माण, शहर के पार्कों एवं कुण्डों का सौंदर्यीकरण, स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 81 हेरिटेज स्थलों का विकास, घाटों का जीर्णोद्धार एवं फसाड लाईटिंग आदि विविध कार्यों का सम्पादन।
- विद्युत आपूर्ति एवं सुधार हेतु दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत राजा तालाब, अलईपुर एवं नगवां विद्युत उप केन्द्रों के निर्माण, ग्रामीण मजरों का विद्युतीकरण आदि।
- डा0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम लालपुर, वाराणसी में सिन्थेटिक एथिलेटिक ट्रैक एवं सिन्थेटिक हाकी ट्रैक का निर्माण।
- गंजारी वाराणसी में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर।
- थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण।
- पुलिस लाइन, वाराणसी में पेयजल जलापूर्ति एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा सीवरेज का कार्य।

4- विशेष सचिव, नियोजन द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों तथा बैठक में उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए बोर्ड के गठन, उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए परामर्शी संस्था के रुप में पूर्वांचल विकास बोर्ड का गठन हुआ है। इस बोर्ड का प्रमुख कार्य प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के विकास हेतु सुझाव देना है। इस बोर्ड

की प्रथम बैठक जुलाई, 2019 में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस बोर्ड की बैठकें पूर्वांचल के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल विकास बोर्ड के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन भी हो चुका है। वाराणसी मण्डल में बोर्ड की यह बारहवीं बैठक है। पूर्वांचल विकास बोर्ड की पूर्व में सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्तों को सम्बन्धित विभागों को सम्यक परीक्षण करके परीक्षण आख्या/ कृत कार्यवाही से बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु प्रेषित किया जा चुका है जिसके क्रम में विभागों से प्राप्त परीक्षण आख्या से मा0 पदाधिकारीगण को समय-समय पर अवगत भी कराया गया है।

5- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों, आयुक्त, वाराणसी मण्डल, विशेष सचिव, नियोजन, जिलाधिकारी वाराणसी तथा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6- श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा निम्न कार्यों को कराये जाने पर बल दिया गया:-

- प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र के जिला सहकारी बैंकों तथा प्राथमिक सहकारी समितियों को क्रियाशील किया जाना।
- जनपद अमेठी के कयाधू वन क्षेत्र से नारा अठनपुर ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर गाय शोध संस्थान खोले जाने पर विचार करना।
- गोण्डा जनपद के "जयप्रभा" ग्राम को भारत रत्न नाना जी देशमुख की स्मृति में विकासखण्ड और जयप्रभा ग्राम में उनकी स्मृतियों का संग्रहालय बनाया जाना।
- जनपद वाराणसी के बी0एच0यू0 में एम्स (A.I.I.M.S.) की स्थापना किया जाना।
- जनपद गाजीपुर के जखनियां विकासखण्ड की रामपुर बलभद्र ग्राम सभा में खेल के मैदान का निर्माण कार्य।
- जनपद गाजीपुर के मनिहारी जखनियां तहसील मार्ग का चौड़ीकरण एवं निर्माण का कार्य।
- जनपद गाजीपुर की जखनियां तहसील में अति प्राचीन मंदिरों में रौशनी लाईट का कार्य किया जाना।
- जनपद गाजीपुर के जखनियां विकासखण्ड में अति प्राचीन रामजानकी कुटी का निर्माण एवं सुन्दरीकरण का कार्य।
- जनपद गाजीपुर के जखनियां विकासखण्ड में छुट्टे पशुओं के रहने, खाने एवं देख-रेख की उचित व्यवस्था किया जाना।

- जनपद चन्दौली में मिनी स्टेडियम की स्थापना किया जाना।
- चन्दौली जिला मुख्यालय एवं मुगलसराय (दीन दयाल उपाध्याय नगर) में रोडवेज बस स्टैण्ड का कार्य किया जाना।
- जनपद चन्दौली के मुगलसराय-चहनिया मार्ग का निर्माण किया जाना।
- जनपद चन्दौली में चन्दौसी कोयला मण्डी से उड़ने वाली डस्ट से काफी प्रदूषण होता है जिससे काफी लोग बीमार हो जाते हैं। डस्ट से बचाने के लिए उपाय किया जाना।
- जनपद चन्दौली के मुगलसराय (दीन दयाल उपाध्याय नगर) में सड़कें खराब पड़ी हैं जिन्हें ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।
- जखनियां गाजीपुर मुख्य मार्ग से लिंक रोड बधनौली मार्ग पर मुसहर बस्ती मार्ग का निर्माण कार्य।
- मधुबन नदी पुल से ओझिपुर लिंक मार्ग का निर्माण कार्य।
- जखनियां तहसील के छोटे बड़े बाजार में टाइलेट रुम का निर्माण कार्य।
- गाजीपुर जिले के सब तहसील क्षेत्र में 1-1 लाइब्रेरी हॉल जिसमें इण्टरनेट की सुविधा हो।
- दुल्लहपुर से हंसराजपुर वीर अब्दुल हमीद मुख्य मार्ग से सिखड़ी जखनियां तहसील मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य।
- गाजीपुर जिले का नाम गादी ऋषि के नाम से गादीपुर किये जाने पर विचार करना।
- चन्दौली जनपद में बस स्टापेज की व्यवस्था कराना।
- चन्दौली में डिग्री कॉलेज में साइंस का पाठ्यक्रम लागू किया जाना।
- चन्दौली जनपद मुख्यालय में ट्रेन का ठहराव किया जाना।
- चन्दौली जनपद में न्यायालय भवन का निर्माण किया जाना।
- चन्दौली जनपद में मा0 न्यायमूर्ति के रहने की व्यवस्था किया जाना।
- चन्दौली जनपद मुख्यालय में अधिकारियों के रहने के लिये सरकारी आवास का निर्माण किया जाना।
- चन्दौली मुख्यालय पर जिला कचहरी कोर्ट का निर्माण किया जाना।
- मुगलसराय (दीन दयाल उपाध्याय नगर) में काली महल से ओड़वार तक नाले के किनारे अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण दूर किया जाना।
- वाराणसी में एग्री टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाना।
- जौनपुर के पुराने इत्र के कारोबार को पुनर्जीवित करने के लिए फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा दिया जाना।
- किसानों की आय को बढ़ाने के लिए प्रिजर्वेशन सेक्टर को प्रोत्साहित किया जाना।
- सोनभद्र, मिर्जापुर में टमाटर, हरी मिर्च, प्याज, लहसुन आदि की पैदावार बहुत अधिक है। यहाँ की मिट्टी की गुणवत्ता ऐसी है कि ज्यादा श्रम नहीं करना पड़ता है। अतः इन दोनों जनपदों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किये जाने की आवश्यकता है।
- उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में स्पोर्ट्स शिक्षा अनिवार्य किया जाना।

- जौनपुर के सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किया जाना।

7- श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया के अन्तर्गत सहजनवां बाबू मार्ग से काशी के घर से श्मशान घाट तक लगभग 1.00 कि0मी0 लम्बाई मे आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया खास में कोठी सेलर से अमहवॉ तक लगभग 1.00 कि0मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया के टोला मदरहना में काली मंदिर से घलोरी के घर होते हुए मेन सड़क तक लगभग 1.00 कि0मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया के टोला छोटे मदरहना में केशव के घर से नाला तक लगभग 500 मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया में स्थित नाले पर 10 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया से महाय रोड पर डढिया से उत्तर 10 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज के वार्ड नं0 16 गांधी नगर में आसरा आवास से राम नरेश साहनी के घर तक लगभग 300 मीटर लम्बाई में आर0सी0सी0 एवं नाला का निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज के आजाद नगर वार्ड में सब्जी मण्डी के पास बने आर0सी0सी0 रोड से एस0एस0बी0 कैम्प चौराहे तक लगभग 2 कि0मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 एवं नाला का निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज के वार्ड बैकुण्ठपुर में साई फ्लैक्स से पासी टोला होते हुए मोतीपुर तक लगभग 2.5 कि0मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 एवं नाला का निर्माण कार्य।
- विकासखण्ड नौतनवां प्रांगण में प्रमुख कक्ष का निर्माण।
- विकासखण्ड नौतनवां के सिरसिया चौराहे से लालपुर घाट तक लम्बाई लगभग 1.5 कि0मी0 में पिच रोड एवं आबादी भाग में आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।
- विकासखण्ड नौतनवां के खैराटी नहर से मुल्ला प्रधान के घर तक लम्बाई लगभग 500 मी0 में आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- विकासखण्ड नौतनवां के ग्रामसभा सिरसिया घाट पर रोहिन नदी में सेतु का निर्माण।

- विकासखण्ड नौतनवां के ग्राम पंचायत चड़लहा में नहर से रेहरवा टोले तक लम्बाई लगभग 1.00 कि0मी0 में पिच रोड का निर्माण कार्य।
- विकासखण्ड नौतनवां में ग्राम पंचायत बरवा खुर्द नहर पुलिया से विवेक सिंह के घर तक लम्बाई लगभग 1.00 कि0मी0 में पिच रोड निर्माण।
- विकासखण्ड नौतनवां में खनुआ मार्ग से लोहरवलिया टोले तक लम्बाई लगभग 1.5 कि0मी0 में पिच रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड पड़रौना में मेला नगरी रोड के किनारे तालाब के पूरब से निकलकर उत्तर की ओर जाने वाली सड़क जो बाड़ी के किनारे-किनारे होते हुए पूर्वी टोला हरिजन बस्ती होते हुए जंगलगुर्दी, जगदीशपुर रामजानकी मन्दिर होते हुए पश्चिम टोला हरिलाल प्रजापति के घर तक लम्बाई 2.00 कि0मी0 में आर0सी0सी0 रोड एवं नाला का निर्माण कार्य।
- जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड पड़रौना में बाड़ी टोला हरिजन बस्ती के पूरब तरफ ग्राम पंचायत जंगल जगदीशपुर में 5 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण।
- जनपद मऊ के विकास खण्ड कोपागंज में ग्राम धवरिया साथ से मऊ मार्ग मुन्ना विश्वकर्मा के घर से बसारतपुर विजयीलाल के घर तक लम्बाई लगभग 1.5 कि0मी0 में आर0सी0सी0 रोड एवं नाला निर्माण कार्य।
- जनपद मऊ के विकास खण्ड कोपागंज में ग्राम धवरिया साथ भातपोल मार्ग से कैलाश गोंड के घर से देवेन्द्र चौबे घर तक 1.00 कि0मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 रोड एवं नाला निर्माण कार्य।
- जनपद मऊ के विकास खण्ड कोपागंज में ग्राम धवरिया साथ प्रवीण देव के घर से जयप्रकाश चौबे के घर तक 6.00 मीटर आर0सी0सी0 रोड एवं नाला का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज में पूर्वान्चल स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाय।
- जनपद महराजगंज के विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम सभा रामपुरमीर हरिजन बस्ती से प्रधानमंत्री सड़क तक दूरी लगभग 1.00 कि0मी0 लम्बाई में पिच रोड का कार्य।
- जनपद जौनपुर के विकास खण्ड सुजानगंज में भिखारीपुर से गौहानी होते हुए सराय बीका तक दूरी लगभग 8.500 कि0मी0 लम्बाई में पिच रोड का कार्य।
- बलिया गडवार मार्ग के कमला नगर से मिढ़ा होते हुए धरमपुरा गुरवा सम्पर्क मार्ग तक लगभग 5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण।
- जनपद बलिया में सियरहिया शंकर भगवान के मंदिर से रामनाथ वर्मा के ट्यूबवेल होते हुए करमानपुर श्रीनगर मार्ग तक लगभग 2.5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का नवनिर्माण।
- जनपद बलिया में रेवती से हड़िया तक लगभग 5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण।

- जनपद बलिया में रेवती से शोभनाथपुर देवी जी मंदिर होते हुए कुशौरी तक लगभग 7 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण।
- पशुपालन विश्वविद्यालय की स्थापना गोरखपुर में की जा रही है जिसकी 01 शाखा मधौलिया गौसदन, महराजगंज में स्थापित किये जाने पर विचार किया जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि इस प्रस्तावित कार्य हेतु पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है।

8- श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद प्रयागराज में यमुनापार क्षेत्र के मेजा, कोरॉव, करछना, बारा तहसीलों को मिलाकर एक नये जिले का सृजन किया जाना।
- जनपद प्रयागराज में मेजा एवं कोरॉव विकासखण्ड को काटकर खीरी बाजार को नया विकासखण्ड बनाया जाना।
- मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के गर्ल्स छात्रावास से सटे हुये मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग के आवास के विशाल परिसर को मेडिकल कालेज के छात्राओं हेतु छात्रावास बनाने के लिये दिया जाना।
- स्वरूपरानी अस्पताल से सटे हुये महात्मा गांधी मार्ग पर निदेशक उच्च शिक्षा, मुख्य विकास अधिकारी, ए0सी0पी0 की विशाल आवासीय परिसर की पूरी भूमि को अस्पताल के विस्तार हेतु स्वरूपरानी चिकित्सालय को दिये जाने पर विचार करना।
- म्योर रोड और दयानन्द मार्ग के मध्य यू0पी0 रोडवेज की कार्यशाला को शहर से बाहर स्थानान्तरित किये जाने तथा उस भूमि एवं अगल-बगल की सरकारी भूमि को मिलाकर इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय को मेडिकल कालेज बनाने हेतु दिये जाने पर विचार करना।
- जनपद प्रयागराज में शासकीय अधिकारियों के आवास हेतु बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाकर दिये जाने तथा शहर के मध्य उनके आवास की बहुमूल्य भूमि को विकास से संबंधित भवन बनाये जाने पर विचार करना।
- यू0पी0 सीडा द्वारा विकसित सरस्वती हाईटेक सिटी नैनी में भूखण्ड की मूल रजिस्ट्री पत्र को यू0पी0 सीडा द्वारा आवण्टियों को वापस दिये जाने हेतु निर्देशित करना।
- मिर्जापुर में बने मेजा बांध से सिंचाई की व्यवस्था केवल प्रयागराज जनपद के लिये करना।
- सिंचाई हेतु नहरों को आवश्यकतानुसार चलाये जाने हेतु रोस्टर बनाये जाने पर विचार करना।
- मेजा तहसील के चमारीपुर करह गांव में लपरी नदी पर लिफ्ट कैनाल स्थापित कर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करना।
- सहकारी संघ लेडियारी के लिये भवन निर्माण कराये जाने पर विचार करना।
- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु छात्रावासों का कायाकल्प कराया जाना।

- प्रयागराज में बंद पड़े ईश्वर चरण छात्रावास, डी0सी0 लाज, लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास को तुरंत चलाये जाने पर विचार करना।
- समाज कल्याण विभाग के नाम से जिलों में कृषि भूमि को दबंग भू-माफियों से कब्जा मुक्त कराकर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को पट्टे पर दिये जाने पर विचार करना।
- विद्युत कर्मचारियों के घरों पर मीटर लगाये जाने पर विचार करना।
- प्रयागराज यमुनापार के खीरी बाजार में नया फीडर (पावर हाउस) बनाये जाने पर विचार करना।
- शमलीपुर, कोरांव अनुसूचित जाति बस्ती में खम्भे लगाकर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करना।
- इटवा-घोरी, करह-पाल एवं पट्टी-रीवां रोड तक सड़क की मरम्मत किये जाने पर विचार करना।
- वेंदो, पनासा, ददिया मार्ग की मरम्मत कराया जाना।
- सर्वोदय पसना-गिरगोंठा नहर की जर्जर पटरी का मरम्मत कराया जाना।
- कोरांव देवघाट बढ़ोखर मार्ग का मरम्मत कराया जाना।
- कोरांव ड्रमण्डगंज मार्ग का मरम्मत कराया जाना।
- कोहड़ार कोरांव मुख्य मार्ग पर शमलीपर में धर्मराज चमार के घर से तौलन चमार के घर तक 1.5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण कराये जाने पर विचार करना।
- मेजा थाने के पीछे नहर पटरी से ग्राम प्रधान सिंकी विद्या के घर से अमकछा तक 2.5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण किये जाने पर विचार करना।
- करछना प्रयागराज के देवरी में पावर प्लांट हेतु अधिग्रहीत भूमि पर अविलम्ब पावर प्लांट अथवा कोई अन्य उद्योग स्थापित करने पर विचार करना।

9- श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास से अवगत कराते हुए निम्न सुझाव दिये गये:-

- प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित गरीब परिवारों हेतु आवास का आवण्टन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत शहरी क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के आवासों हेतु अलग-अलग धनराशि दिये जाने की व्यवस्था है जबकि भवन निर्माण में उपयोग होने वाली आधारभूत सामग्रियों की दर समान रहती है। अतः शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आवासों हेतु एक समान धनराशि का आवण्टन किये जाने की व्यवस्था किये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यदायी संस्था द्वारा खुदाई कर पाईप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा पाईप डालने के उपरान्त इन सड़कों की मरम्मत नहीं कराई जा

रही है जिसके कारण जन सामान्य को अत्यन्त असुविधा हो रही है। अतः संबंधित संस्थाओं द्वारा यथाशीघ्र क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जानी चाहिये।

- जिला योजना की बैठकों में बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगणों को विशेष आमंत्री के रूप में प्रतिभाग किये जाने की व्यवस्था पर विचार करना।

10- श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद बस्ती के विकासखण्ड विक्रमजोत के ग्राम रजवापुर में मनोरमा नदी के किनारे स्थित पौराणिक शिव जी के मन्दिर तक सौंदर्यीकरण कराये जाने पर विचार करना।
- जनपद बस्ती के विकासखण्ड विक्रमजोत के रानी गांव न्याय पंचायत के ग्राम मेढाये में बैंक की शाखा खोले जाने पर विचार करना।
- जनपद बस्ती के विकासखण्ड परशुरामपुर में स्थित मखौड़ाधाम के ग्राम ककरा कला खुर्द के गौशाला का विस्तार कराये जाने पर विचार करना।
- जनपद प्रतापगढ़ के विकासखण्ड सांगीपुर में स्थित गौशाला राकी के रास्ते का पिच रोड का निर्माण कराया जाना।
- गौशाला मेजा, विकासखण्ड मेजा के रास्ते में वन विभाग की जमीन है जिसकी वजह से रोड नहीं बन पा रही है। अतः ऐसी दशा में जमीन की स्थिति बदलवाकर रोड का निर्माण कराये जाने का विचार किया जाना।
- विकासखण्ड सण्डवा चन्द्रिका, जनपद प्रतापगढ़ के ग्राम सभा आधारपुर गौशाला तथा गोबर पेन्ट प्लांट तक के रास्ते का पिच रोड कराया जाना।
- गौशालाओं में हाई मास्क लाईट लगाये जाने पर विचार करना।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना, जनपद प्रयागराज में डेन्टल चेयर की व्यवस्था कराया जाना।
- ग्राम पंचायत पारा सराय, विकासखण्ड इटियाथोक, जनपद गोण्डा में शवदाह केन्द्र बनाये जाने पर विचार करना।

11- डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में वाराणसी शहर में बहुत अधिक विकास कार्य हो रहे हैं किन्तु अभी भी शहर के अन्दर कतिपय स्थानों पर जलभराव एवं गंदगी की समस्या है। अतः जलभराव की समस्या को दूर करने हेतु नाले आदि की व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।
- वाराणसी में कैंसर मरीजों के इलाज हेतु कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।
- वाराणसी में साड़ी उद्योग से जुड़े हुये बुनकरों की समस्याओं का निराकरण किये जाने की आवश्यकता है।
- गंगा नदी से माल ढुलाई की स्थिति में सुधार किये जाने की आवश्यकता है।

- ग्राम तरवाई, पो0 बिगहन, विकासखण्ड उरूवा, तहसील मेजा, प्रयागराज में देवहरा लिंक रोड से बेलन नहर तक लगभग 600 मी0 लम्बाई में पक्की सड़क का निर्माण।
- करमा बाजार मन्तुरिया का पुरवा, विकासखण्ड कौंधियारा, जनपद प्रयागराज में करमा से कटरा तक लगभग 600 मी0 लम्बाई में सड़क निर्माण।
- ग्रामसभा आंधी, विकासखण्ड माण्डा, तहसील मेजा, जनपद प्रयागराज में चौकठा लच्छन राजस्व ग्राम में काली सड़क से घर्टूकार बस्ती से होकर केशव प्रसाद मिश्र के शिव मन्दिर तक एवं प्राथमिक विद्यालय चौकठा लच्छन का लगभग 700 मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण।
- ग्राम सभा कन्जौली, मेजा, विकाखण्ड उरूवा, जनपद प्रयागराज में लक्ष्मीकान्त के घर से मूलचन्द विश्वकर्मा के घर तक लगभग 500 मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण।
- ग्राम पंचायत समोधीपुर, विकासखण्ड सैदाबाद, जनपद प्रयागराज में पक्की सड़क से बिजली के मशीन तक लगभग 350 मी0 डामरीकरण का कार्य।
- ग्राम सेमरी जिरौहाँ, पो0 पवँरी, विकासखण्ड कोरावं, जनपद प्रयागराज में मझिगवाँ मुख्य चौराहे से मनोज के घर तक लगभग 700 मी0 काली सड़क का निर्माण।
- ग्राम बादलपुर, विकासखण्ड व तहसील सोरांव, जनपद प्रयागराज में बादलपुर से राकेश पटेल के घर से सेवाइत स्टेशन तक लगभग 600 मी0 काली सड़क का निर्माण।
- ग्राम सम्हई मंसूराबाद, जनपद प्रयागराज में मुख्य मार्ग से भूपेन्द्र प्रसाद शुक्ला के घर तक लगभग 50 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग का कार्य।
- ग्राम सोरांव पांती, मेजा रोड में शंकर जी के मंदिर तक लगभग 50 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग का कार्य।
- ग्राम मदरा, विकासखण्ड उरूवा, मेजा में बालकृष्ण पाण्डेय के घर से लालता प्रजापति के घर तक सड़क मरम्मतीकरण का कार्य।
- ग्राम छीड़ी, विकासखण्ड जसरा, बारा, प्रयागराज में रामप्रसाद के घर से शिव मंदिर तक लगभग 600 मी0 पक्की सड़क का निर्माण कार्य।
- ग्राम सरसेड़ी, विकासखण्ड जसरा, बारा, प्रयागराज में सरसेड़ी नहर से सरसेड़ी गांव वातारगंज रोड तक लगभग 220 मी0 एवं वातारगंज रोड से जयसिंह यादव के घर तक लगभग 210 मी0 इण्टरलॉकिंग कार्य।
- ग्राम सरसेड़ी, विकासखण्ड जसरा, बारा, प्रयागराज में बदैया बारी से तातार गंज तक सड़क मरम्मतीकरण का कार्य।
- ग्राम सरायनुरुद्दीनपुर, बहादुरपुर में लगभग 500 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग कार्य।
- ग्राम निबी, विकासखण्ड उरूवा, तहसील मेजा, प्रयागराज में उल्का मोड़ी से निबी लिंक रोड तक लगभग 1.5 कि0मी0 लम्बाई में सड़क का निर्माण।
- ग्राम बड़ौरा, विकासखण्ड बहरिया, प्रयागराज में मुख्य मार्ग से दिवाकर पाण्डेय के घर तक लगभग 100 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग कार्य।

- ग्राम सिलौधी, मेजा कलां में ज्ञानेन्द्र प्रताप के मकान से लालता प्रसाद मिश्र के मकान तक लगभग 100 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग कार्य।
- ग्राम बसनेहटा, विकासखण्ड प्रतापपुर, हण्डिया, प्रयागराज में पी0डब्लू0डी0 से रामचन्द्र गुप्ता के घर से होते हुये शिव पूजन के घर तक लगभग 200 मी0 लम्बाई में इण्टरलॉकिंग कार्य।

12- श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद गाजीपुर में देश के सर्वोत्कृष्ट पवित्र धामों में महाहर धाम अग्रणी है। इस धाम के मुख्य मंदिर में शिव-पार्वती की युगल मूर्ति श्रृंगारिक रुप में स्थापित है जिसे चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ जी के द्वारा निर्मित कराया गया था। शिव मंदिर के बगल में ब्रहमा जी चार मुखधारी मंदिर में हैं। इस मंदिर के पास में राजा दशरथ जी का ध्वस्त अवस्था में गढ़ी के रुप में महल तथा गढ़ी के सामने 400 मीटर लम्बाई में एक पक्का तालाब है। मंदिर के दक्षिण में काल भैरव की विशाल मूर्ति एवं पास में ही लगभग 3-4 किलोमीटर में फैली पुरइन झील है जिसमें आज भी कमल के फूल खिलते हैं। यह सिद्ध पीठ सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला आस्था का प्रतीक है जहां पर हर तीन साल पर अनादिकाल से भव्य यज्ञ का आयोजन होता रहा है। महाहर धाम के दक्षिण दिशा में 4-5 किलोमीटर पर श्रवण कुमार का जीर्ण सूर्य मंदिर आज भी है। मुख्य मंदिर के सामने नीचे कुएं में शिव जी की मूर्ति तेरह कलाओं से परिपूर्ण सजीव से दिखने वाले महाहर बाबा के नाम से चर्चित है। उक्त वस्तुस्थिति के दृष्टिगत महाहर धाम को पर्यटक स्थल बनाये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद गाजीपुर में पर्याप्त संख्या में इण्टर कालेज एवं डिग्री कालेज हैं किन्तु एक भी विश्वविद्यालय नहीं है। अत: जनपद गाजीपुर में 01 विश्वविद्यालय खोले जाने पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद गाजीपुर में सादात ब्लाक के वहरियाबाद मार्केट से परमानपुर-आजमगढ़ जाने वाला मार्ग लगभग 10 कि0मी0 लम्बाई में बिल्कुल टूट चुका है जिसका पुनर्निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद गाजीपुर के मरदह ब्लाक में मटेहूँ से सलामतपुर जाने वाला मार्ग बिल्कुल जर्जर एवं टूट चुका है जिसका पुनर्निर्माण किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

13- श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया:-

- जनपद सोनभद्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यह जनपद 04 राज्यों एवं सुरम्य पहाड़ियों से घिरा हुआ है। सोनभद्र की पहाड़ियाँ पुरातात्विक, ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक विरासतों से भरपूर है। जनपद सोनभद्र में सलखन स्थित फासिल्स पार्क तथा चुर्क स्थित पंचमुखी महादेव की गुफा में आदिकालीन मानव के गुफा चित्र के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अनगिनत पर्यटन स्थल हैं। अत: जनपद सोनभद्र को पर्यटन जनपद घोषित किये जाने की आवश्यकता है। जनपद

में स्थित ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग जो प्रसिद्ध सीरियल चन्द्रकान्ता में दिखाया गया है वह अब खण्डहर हो चुका है, को संरक्षित एवं विकसित करने की आवश्यकता है। इसी दुर्ग की तलहटी में स्थित मऊ कला गाँव में इधर-उधर बिखरी पड़ी मूर्तियों को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिये पुरातत्व विभाग का एक संग्रहालय है जिसकी देखरेख किये जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार जनपद के घोरावल क्षेत्र के शिवद्वार में देवी-देवताओं की मूर्तियों को संग्रहीत एवं संरक्षित किये जाने हेतु पुरातत्व विभाग द्वारा निर्मित संग्रहालय को भी व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

- जनपद सोनभद्र के राबर्ट्सगंज नगर में निर्मित फ्लाईओवर लगभग 03 कि0मी0 लम्बाई में है। फ्लाईओवर पर प्रारम्भ से ही लाईट और सुरक्षा जाली नहीं लगायी गयी है जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अतः पूरे फ्लाईओवर पर दोनों तरफ सुरक्षा जाली एवं लाईट लगायी जानी आवश्यक है। इसके साथ ही जब तक पूरा हाई-वे-फ्लाईओवर-सर्विस लेन आदि पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त न हो जाये तब तक टोल टैक्स की वसूली को स्थगित करने तथा नियमानुसार निर्धारित दर पर ही टोल की वसूली की व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र के पुराने संयुक्त चिकित्सालय परिसर में संचालित अर्बन चिकित्सालय को पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही 24 घण्टे चलाने तथा जनपद में हृदय रोगियों की अधिक संख्या होने के कारण 15 वर्ष पूर्व निर्मित कार्डियोलॉजी केयर यूनिट का संचालन किये जाने की आवश्यकता है।

14- श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- प्रदेश में पूर्व में पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर सम्बन्धित सहकारी समितियों के कार्य क्षेत्रों में स्थित जलाशयों मिनाशयों की व्यवस्था दी जाती थी परन्तु वर्तमान समय में जारी शासनादेश के अनुसार व्यवस्थायें बिल्कुल भिन्न हैं। अतः मछुआ समुदाय की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये नया शासनादेश लागू किये जाने की आवश्यकता है।
- ग्राम सभा करमजीतपुर, विकासखण्ड गौरी बाजार, जनपद देवरिया में 01 ग्रामीण गोदाम का निर्माण किया जाना।
- ग्राम सभा करमजीतपुर, विकासखण्ड गौरी बाजार, जनपद देवरिया में पुराने जमाने के देसी हल, फावड़ा, खुर्पी, हशिया, जुअठा, लोहड़ी, चरसा, रहट, ढेकुली आदि सामानों को धरोहर के रूप में रखे जाने हेतु ग्रामीण संग्रहालय बनाने की आवश्यकता है।
- ग्राम सभा करमजीतपुर, विकासखण्ड गौरी बाजार, जनपद देवरिया में स्थित कच्चे चकरोड को आर0सी0सी0 कराना।
- ग्राम सभा गौरी बुजुर्ग, विकासखण्ड गौरी बाजार, जनपद देवरिया में स्थित चकरोड जो मेन हाई-वे देवरिया-गोरखपुर से जुड़ा है, को आर0सी0सी0 कराना।

- प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति में सुधार हेतु प्राइवेट विद्यालयों की तरह व्यवस्था करने, अंग्रेजी विषय की पढ़ाई कक्षा 01 से किये जाने, प्रत्येक माह अभिभावकों की बैठक बुलाने तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।
- गौरी बाजार जनपद देवरिया स्थित बंद पड़ी कानपुर शुगर वर्क्स लि0 को पुनः संचालित कराने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना।
- विकासखण्ड गौरी बाजार, जनपद देवरिया के ग्राम सभा बिनायक, रैली, मठिया, तिवारी, सोनबरसा आदि गांव से होकर मझने नाले के पास श्मशान घाट तक जाने वाले चकरोड को पिच कराये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करना।

15- श्री राजकुमार शाही, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत सही पात्र परिवारों को आवास सुविधा का लाभ दिया जाना।
- अन्त्योदय कार्ड धारक व्यक्तियों की जांच कराकर सही पात्र व्यक्ति को अन्त्योदय कार्ड उपलब्ध कराना।
- शिक्षा मित्रों के मानदेय को बढ़ाये जाने पर विचार करना।
- आयुष हास्पिटल खामपार, देवरिया में दवा की पर्याप्त उपलब्धता कराना।

16- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में चर्चा के दौरान बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण द्वारा उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सम्बन्धित विभाग के प्रतिनिधियों से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**16.1 <u>समाज कल्याण</u>**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद वाराणसी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों की मरम्मत हेतु आगणन प्रस्ताव पूर्व में प्रेषित किया गया था किन्तु बजट उपलब्ध नहीं हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी द्वारा यह प्रकाश डाला गया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण के माध्यम से भी कई छात्रावासों की मरम्मत कराई जा रही है।

**16.2 <u>मत्स्य</u>**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं अन्य संचालित योजनाओं के माध्यम से मछुआ समुदाय को प्रशिक्षण देकर मत्स्य पालन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**16.3 पर्यटन**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ईको टूरिज्म, धार्मिक टूरिज्म के आधार पर जनपद में स्थित पर्यटक स्थलों का विकास किया जा रहा है।

**16.4 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आवश्यकतानुसार मेडिकल कारपोरेशन के माध्यम से दवाओं की पूर्ति की जाती है। मरीजों की संख्या अधिक होने की दशा में अतिरिक्त बेड भी लगाये जाते हैं। वर्तमान में वेंटीलेटर की सुविधा संचालित है तथा डायलेसिस की सुविधा पी0पी0पी0 के आधार पर उपलब्ध करायी जा रही है।

**16.5 बेसिक शिक्षा**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर विभाग द्वारा निर्धारित किये गये हैं जिसमें 90 प्रतिशत प्रगति वर्तमान में प्राप्त कर ली गई है। इस क्रम में मा0 उपाध्यक्ष द्वारा सभी अध्यापकों के द्वारा शिक्षण कार्य किये जाने एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने के संबंध में विभाग से अनुसरण किये जाने की अपेक्षा की गयी।

**16.6 माध्यमिक शिक्षा**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद चंदौली में जनसंख्या के अनुसार विज्ञान विषय की मान्यता से संबंधित राजकीय इण्टरमीडिएट कालेजों की संख्या कम है। इसके साथ ही सहायता प्राप्त विद्यालयों में पठन-पाठन से संबंधित लगभग 20 प्रतिशत पद अभी रिक्त चल रहे हैं। इसके साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से अध्यापकों की उपस्थिति एवं शिक्षण कार्य की मानीटरिंग भी की जा रही है।

**16.7 आवास एवं शहरी नियोजन**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद वाराणसी के सौन्दर्यीकरण हेतु अमृत योजना से वॉल पेंटिंग करायी गयी है। इसके अतिरिक्त शहर में संकरी सड़कों का चौड़ीकरण किये जाने से सड़कों पर भीड़-भाड़ तथा ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आयी है। डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य तथा श्री जे0पी0 निषाद, मा0 सदस्य द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि शहर में कई स्थानों पर जल भराव की समस्या, लाइट व्यवस्था को ठीक कराने, झूलते हुये तारों का आवश्यकतानुसार अनुरक्षण कराने आदि पर भी ध्यान दिया जाये।

### 16.8 कृषि

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जीवामृत, बायो पेस्टीसाइड, बायो फर्टीलाइजर, नैनो यूरिया, नैनो डी0ए0पी0 आदि के माध्यम से आर्गेनिक खेती हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी, वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में धान क्रय केन्द्र बनाये जा रहे हैं। इन धान केन्द्रों की लोकेशन मा0 जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त करके चिन्हित की गयी है। श्री विजय विक्रम सिंह, श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल तथा श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्यगण द्वारा धान क्रय केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को उचित व्यवस्था प्रदान किये जाने तथा सही तौल कराने की अपेक्षा की गयी।

17- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी:-

- सूक्ष्म उद्योग में मशीनरी की सीमा 01 करोड़ रूपया और टर्न ओवर की सीमा 05 करोड़ रूपया है तथा इन उद्योगों की संख्या कुल उद्योगों की संख्या का 95 प्रतिशत है। सूक्ष्म उद्योगों में अधिकांशत: स्वत: रोजगार वाले युवा लगे हुये हैं किन्तु भूमि की लागत अधिक होने के कारण ये उद्योग चल नहीं पाते हैं। अत: इन उद्योगों की स्थापना के लिये भूमि के मूल्य में रियायत, बैंकों से ऋण की सुविधा एवं मार्केटिंग में सहायता प्रदान किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उद्योगों की प्रोजेक्ट लागत में भूमि का मूल्य 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होने पर भी विचार किया जाना चाहिये।
- श्री उम्मेद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित 100 बेड हास्पिटल, जनपद बलरामपुर में एम्बुलेंस की उपलब्धता कराये जाने की आवश्यकता है। इसी के साथ आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले पूर्वान्चल क्षेत्र में स्थित ख्याति प्राप्त ट्रस्टों को भी आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस की उपलब्धता कराये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- जनपद वाराणसी की ग्राम सभा कंचनपुर में केन्द्रीय विद्यालय कंचनपुर से होते हुये परमहंस कालोनी के त्रिमुहानी तक केन्द्रीय विद्यालय के उत्तर, पश्चिम व दक्षिण तरफ का लगभग 01 कि0मी0 लम्बाई में पिच रोड का निर्माण।
- जनपद वाराणसी की ग्राम सभा रखौना में जी0टी0 रोड डीह बाबा मन्दिर से गोपाल सिंह के आवास तक लगभग 02 कि0मी0 लम्बाई के पिच रोड का निर्माण।
- जनपद वाराणसी की ग्राम सभा गुड़िया में ओ0बी0टी0 कम्पनी हाई-वे से गुड़िया गांव से रेलवे लाईन तक लगभग 02 कि0मी0 लम्बाई तक पिच रोड का निर्माण।
- जनपद वाराणसी में ग्राम सभा लोहरापुर अन्डर पास के भतसार शामू गौंड के मकान के मोड़ से होते हुये जोगावीर से भतसार मेन रोड तक लगभग 03 कि0मी0 लम्बाई तक पिच रोड का निर्माण।

* सिद्धार्थनगर कालोनी, हासिमपुर चौराहा, वाराणसी में श्री विजय जायसवाल जी के घर से श्री डी0के0 सिंह के घर तक 300 मीटर रोड का निर्माण।

अन्त में जिलाधिकारी, वाराणसी के धन्यवाद के उपरान्त श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव)
**विशेष सचिव**

**क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग**
**(सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड)**
**राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग) उ0प्र0,**
**योजना भवन, लखनऊ**

संख्याः 89 /पी0बी0/क्षे0नि0प्र0/2023 दिनांकः 30 अक्टूबर, 2023

**प्रतिलिपिः-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
3. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी सरकारी/विशेष आमंत्री सदस्य।
4. सम्बन्धित विभाग/उपस्थित अधिकारीगण।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव,नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव)
**विशेष सचिव**

**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 को वाराणसी मण्डल, वाराणसी मे आयोजित बैठक में प्रतिभागियों की उपस्थिति।**

1. श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
2. श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
3. श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
4. श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
5. श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
6. श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
7. श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
8. श्री राजकुमार शाही, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
9. श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
10. डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
11. श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
12. श्री कौशलराज शर्मा, आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
13. श्री पी0 सी0 श्रीवास्तव, विशेष सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
14. श्री एस0 राजलिंगम, जिलाधिकारी, वाराणसी।
15. श्री हिमांशु नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।
16. श्री शिव कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
17. श्री दुष्यन्त कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी।
18. श्री सुनील कुमार वर्मा, सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी।
19. श्री सोमनाथ, उप सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
20. श्री वी0के0 अग्रवाल, निदेशक, पूर्वान्चल विकास बोर्ड, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
21. श्री हरिश्चन्द्र, उपायुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ।
22. श्री आनन्द प्रकाश, मुख्य अभियन्ता (पू0वि0वि0नि0लि0), वाराणसी।
23. श्री दिनेश कुमार पंडुवाल, मुख्य अभियंता,सोन सिंचाई एवं जल संसाधन, वाराणसी।
24. श्री सी0के0 माहेश्वरी, मुख्य अभियन्ता, नलकूप, वाराणसी परिक्षेत्र।
25. डा0 आर0के0 सिंह, अपर निदेशक, पशुपालन, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
26. डा0 मंजुला सिंह, अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
27. श्री अशोक कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
28. श्री सुरेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, पंचायतीराज, वाराणसी।
29. श्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, मिर्जापुर।
30. श्री केशरी सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, वाराणसी।
31. श्री एस0एन0 शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल, वाराणसी।

32. श्री ए0के0 दिवाकर, अधीक्षण अभियन्ता समग्र, लोक निर्माण, वाराणसी।
33. श्रीमती वन्दना गुप्ता, अपर श्रमायुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
34. श्री यू0पी0 सिंह, संयुक्त निदेशक, ग्रामोद्योग,वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
35. श्री के0एम0 सिंह, संयुक्त निदेशक,व्यवसायिक शिक्षा।
36. श्री राम शरण सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
37. श्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त, उद्योग, वाराणसी।
38. डा0 डी0 वासुदेवन, मुख्य महाप्रबंधक, वाराणसी स्मार्ट सिटी लि0, वाराणसी।
39. श्री जय करण सिंह, उप निदेशक, उद्यान, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
40. श्री अनिल कुमार, उप निदेशक मत्स्य, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
41. श्री आर0के0 रावत, उप निदेशक पर्यटन, वाराणसी।
42. डा0 मंजुश्री, उप निदेशक, समाज कल्याण, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
43. श्री राम नारायण, उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
44. श्री बीरेश कुमार, उप निदेशक, पर्यटन, प्रयागराज।
45. श्री तेजई प्रसाद, वरिष्ठ शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
46. श्री शरद कुमार, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई।
47. डा0 एस0पी0 त्रिपाठी, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
48. श्री अरूण कुमार कुरील, सहायक निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
49. श्री एस0के0 रंजन, महाप्रबंधक, जल निगम, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
50. श्री ओम प्रकाश यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
51. श्री राम नरायन यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
52. श्री राम निवास यादव, शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
53. डा0 एस0एन0पाल, जिला सूचना अधिकारी, वाराणसी।
54. श्री हरिशंकर राम, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण, चन्दौली।
55. श्री एस0के0 गुप्ता, एस0पी0ओ0, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, वाराणसी।
56. श्रीमती अपूर्वा शुक्ला, जनजाति अधिकारी, जनजाति विकास निदेशालय।
57. श्री सतीश कुमार कुरील, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
58. डा0 जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, संबद्ध क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
59. श्री प्रेमनाथ गुप्ता, नामित प्रतिनिधि, उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा,वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
60. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सहायक, कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, वाराणसी।